### प्रदेश के 1 लाख कर्मचारियों को फायदा

# छठवां वेतनमान पा रहे कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 25% की वृद्धि

पॉलिटिकल रिपोर्टर | भोपाल

राज्य सरकार ने प्रदेश में छठवां वेतनमान पा रहे कर्मचारियों का महंगाई भत्ता (डीए) 25% बढ़ा दिया है। इसका भुगतान 1 मार्च से देय होगा, जो इसी वेतन में जुड़कर अप्रैल में मिलेगा। प्रदेश में ऐसे कर्मचारियों की संख्या 1 लाख से ज्यादा है। ये वे कर्मचारी हैं, जिन्होंने सातवें वेतनमान का ऑप्शन नहीं भरा था या निगम मंडलों में कार्यरत हैं। इनके डीए में सातवां वेतनमान पा रहे कर्मचारियों की तुलना में वृद्धि की गई है, ताकि उन्हें भी समान रूप से लाभ हो सके।

अभी तक छठा वेतनमान पा रहे कर्मचारियों को 171% डीए मिल रहा है, जिसमें 25% वृद्धि होने से यह बढ़कर 196 प्रतिशत हो गया है। इस संबंध में शुक्रवार को आदेश जारी कर दिए गए हैं।

# जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक चार को

**रतलाम।** नगरीय निकायों, पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2022 की प्रक्रिया के संचालन तथा प्रारुप मतदाता सूची, जांच एवं डुप्लीकेट सूची के सम्बन्ध में दावे, आपत्ति प्राप्त करने की प्रक्रिया से अवगत कराए जाने के लिए जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में 4 अप्रैल शाम पांच बजे नवीन कलेक्टोरेट भवन के सभाकक्ष में होगी।

# मुक्ति धाम के मार्ग के आस पास पौधारोपण कर सुन्दर बनाया जाएगा



**प्रसारण न्यूज ◆ रतलाम**

आजादी के अमृत महोत्सव स्वच्छता मिशन महा अभियान के अंतर्गत पंच स सोना, सेव, सेवा, साड़ी, व स्वच्छता में रतलाम बने न. 01 जय कैला माता शैक्षणिक एवं सामाजिक कल्याण समिति रतलाम द्वारा संचालित आरोग्य प्रकोष्ठ (जीवन रक्षक मेडिकल इक्यूपमेंट बैंक) सेवार्थ ने नगर पालिका निगम के सफाई कर्मचारियों के सहयोग से सालाखेड़ी स्थित मुक्ति धाम में फैली गंदगी की साफ सफाई करायी आगे भविष्य में इस मुक्ति धाम के मार्ग के आस पास पौधारोपण कर सुन्दर बनाया जायेगा।

उक्त जानकारी पं. विजय शर्मा, पं. अभिषेक व्यास जिला प्रभारी, निलेश खाबिया, श्रीयश टंडन, विजेंद्र सिंह राणावत विधि सलाहकार, संस्था द्वारा अति शीघ्र ग्रीष्मकाल मे तीन माह तक दो शीतल जल मन्दिर का संचालन करेंगे।

## 14 अवैध नल कनेक्शन विच्छेद

रतलाम । नगर निगम की जांच टीम द्वारा 14 अवैध कनेक्शनों को विच्छेद करने की कार्रवाई की गई । साथ ही 36 नये कनेक्शन को वैध किया गया हैं ।

निगर निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम द्वारा अवैध व बकाया राशि के नल संयोजन विच्छेदन की कार्यवाही के तहत निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर के विभिन्न क्षेत्रों से 14 अवैध नल संयोजनों को जलप्रदाय विभाग टीम द्वारा विच्छेद किया गया साथ ही 36 अवैध नल संयोजनों को वैध किया गया। नगर निगम द्वारा नल संयोजनो के बकायादारों से अपील की जाती है कि वे अपनी बकाया राशि जमा कराकर नल संयोजन विच्छेदन की कार्यवाही से बचें। अवैध नल संयोजनकर्ता अपने नल संयोजन को नियमानुसार वैध करावें। निगमायुक्त के अनुसार कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## 14 अवैध नल कनेक्शन काटे, 36 को वैध किया

रतलाम | नगर निगम के जलप्रदाय अमले ने शुक्रवार को 14 अवैध नल कनेक्शन काटे। इसके अलावा 36 अवैध नल कनेक्शन को वैध किया गया। जलप्रदाय विभाग ने बकायादारों से अपील की है कि बकाया राशि जमा कराकर नल कटने की कार्रवाई से बचें। अवैध नल कनेक्शन वाले भी नियमानुसार शुल्क भरकर कनेक्शन वैध करवा सकते हैं।

## 14 अवैध नल कनेक्शन विच्छेद, 36 वैध किए

रतलाम। नगर निगम द्वारा अवैध व बकाया राशि के नल कनेक्शनों को विच्छेद करने की कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 14 अवैध नल संयोजनों को जलप्रदाय विभाग टीम द्वारा विच्छेद किया गया। साथ ही 36 अवैध नल संयोजनों को वैध किया गया।

नईदुनिया

# 20 सफाई मित्रों का 1 दिवस का वेतन काटा

## दोपहर में अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों का कटेगा पूरे दिन का वेतन

रतलाम(आरएनएन)। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डों में प्रातः 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया जिसके तहत प्रातः 15 व दोपहर की शिफ्ट में 5 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ऐसे सफाई मित्र जो कि प्रातः की शिफ्ट में उपस्थित रहते हैं व दोपहर की शिफ्ट में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर संबंधित का पुरे दिवस का वेतन काटा जायेगा।

31 मार्च गुरुवार को वार्डों में सफाई मित्रों की उपस्थिति के दौरान प्रातः झोन क्रमांक 1 में अजय-विनोद, बादल-दिलीप, सुनील-शंकरलाल, विशाल-मुकेश, झोन क्रमांक 2 में विमलाबाई पति नारायण, रवि-सुरेश, महेश-देवकरण, बबीताबाई पति मंगल, संजय-बच्चू, कन्हैया-कमल, दीपक-राजू, झोन क्रमांक 3 में मुकेश-रामलाल, रोहित-पवन, प्रमोद-जगदीश, झोन क्रमांक 4 में महेश बाबुलाल, व दोपहर की शिफ्ट में झोन क्रमांक 2 में रंजनाबाई पति सुरेश, महेन्द्र-पप्पू, सुनील-श्यामलाल, कृष्णाबाई पति बसंतीलाल व श्यामाबाई पति ओमप्रकाश इस तरह 20 कर्मचारी बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

## 2 अप्रैल गुड़ी पड़वा पर पशु वध करना, मटन विक्रय प्रतिबंधित

**रतलाम।** मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार 2 अप्रैल शनिवार गुड़ी पड़वा व चैती चांद पर नगर सीमा में स्थित समस्त पशु वध गृह एवं मांस विक्रय की दुकानों पर पशुवध करना, मटन, गोश्त विक्रय करना अथवा बेचना निषेध किया गया है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने संबंधित स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि उक्त दिवसों को पशु वध करते या मटन गोश्त विक्रय करते पाया जाये तो संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये।

# निगम ने 16 सफाई मित्रों का 1 दिवस का वेतन काटा

रतलाम. शहर के विभिन्न वार्डों में सुबह 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति की जांच की गई। सुबह 15 तो दोपहर की शिफ्ट में 5 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित मिले। इसके बाद निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने एक व आधे दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। ऐसे सफाई मित्र जो कि सुबह की शिफ्ट में उपस्थित रहते हैं व दोपहर की शिफ्ट में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर संबंधित का पूरे दिन का वेतन काटा जाएगा।

पत्रिका

## स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए आज आ सकती है टीम

**रतलाम |** स्वच्छ सर्वेक्षण करने के लिए सर्वे टीम शनिवार को शहर में पहुंच सकती है। संभावना है शनिवार या रविवार से टीम नगर निगम के दस्तावेज के अनुसार फील्ड का आकलन करने निकल सकती है। आयुक्त ने पूरे अमले को अलर्ट कर दिया है। हालांकि सर्वे गुपचुप होना है, इसका बीते साल भी अफसरों को पता नहीं चल पाया था।

## सार्वजनिक स्थल पर गंदगी की, 11 लोगों पर जुर्माना

**रतलाम |** सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने और अमानक पॉलीथिन का उपयोग करने पर स्वास्थ्य अमले ने शुक्रवार को 11 व्यक्तियों पर जुर्माना किया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर कार्रवाई कुलदीप भट्ट, विजय मेहना, मनीष झांझोट, अंकित पुरोहित, राजकुमार भाटी ने की।

## दरोगा प्रेमचन्द फतरोड़ का 15 दिवस का वेतन काटा

**रतलाम।** वार्ड क्रमांक 33 के दरोगा प्रेमचन्द फतरोड़ को सिविक सेंटर क्षेत्र में सफाई कराने के निर्देश दिये जाने के बाद भी सफाई नहीं कराये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार 15 दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

# 5 से अधिक ट्रीप लगाने वाले 33 ड्रायवर व हैल्परों का निगम आयुक्त ने किया सम्मान

- 1 अप्रैल शुक्रवार को कचरा संग्रहण हेतु लगाई 251 ट्रीप
- कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर व हैल्परों का आज होगा सम्मान
- 115 मीट्रिक टन से अधिक कचरा जुलवानिया पहुंचा

प्रसारण न्यूज • रतलाम

नगर को स्वच्छ-सुन्दर बनाने तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में नम्बर 1 बनाने हेतु नगर निगम के 33 कचरा संग्रहण वाहनों के चालकों व हैल्परों जिन्होंने 5 से अधिक ट्रीप लगाई उनका निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने पलसोड़ा स्थित वर्कशॉप में प्रातः 6:30 बजे सम्मान किया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे व सड़को व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जाकर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर पहुंचाया जा रहा है जिसके तहत 1 अप्रैल शुक्रवार को 115 मीट्रिक टन से अधिक कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर पहुंचाया गया।

1 अप्रैल शुक्रवार को डम्पर से 29120 किलो, ट्रेक्टर से 15275 किलो, मैजिक सूखा कचरा 45270 किलो, मैजिक गीला कचरा 26260 किलो, सेनेटरी वेस्ट 3 किलो व घरेलू हानिकारक कचरा 4 किलो इस तरह कुल 115925 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पहुंचाया गया।

## 16 सफाई मित्रों का 1-दिवस एक दिवस का वेतन काटा

- बिना सूचना के 3 दिवस लगातार अनुपस्थित रहने कर्मचारी होंगे सेवा से बर्खास्त

प्रसारण न्यूज • रतलाम

कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डो में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवेक्षकों द्वारा वार्डो में प्रातः 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया जिसके तहत प्रातः 15 व दोपहर की शिफ्ट में 5 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

ऐसे सफाई मित्र जो कि प्रातः की शिफ्ट में उपस्थित रहते हैं व दोपहर की शिफ्ट में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर संबंधित का पुरे दिवस का वेतन काटा जाएगा।

शुक्रवार को वार्डों में सफाई मित्रों की उपस्थिति के दौरान प्रातः झोन क्रमांक 1 में सचिन-रामसेवक, अजय-विनोद, बादल-दिलीप, विजय-फुलचन्द, दीपक-जगदीश, सुनील-शंकरलाल, झोन क्रमांक 2 में कृष्णाबाई पति रतन, झोन क्रमांक 3 में फकीरचन्द-रतन, सोनूबाई पति जीवन, झोन क्रमांक 4 में कन्हैयालाल-कमल, सत्री-सुरेन्द्र व दोपहर की शिफ्ट में झोन क्रमांक 2 में रानीबाई पति धीरज, रवि-सुरेश, सरवन-प्रकाश, झोन क्रमांक 3 में सुशीलाबाई पति शिव, झोन क्रमांक 4 में मीनाक्षी पति योगेश इस तरह 16 कर्मचारी बिना सूचना के अपने कर्त्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

ऐसे सफाई मित्र जो कि बिना सूचना के लगातार तीन दिवस तक अपने कर्त्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहते है, उन्हें सेवा से बर्खास्त/निलबंन की कार्यवाही की जाएगी।

## गदंगी करने व अमानक पॉलीथीन उपयोग करने पर 11 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले मे कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर व सामान से अतिक्रमण करते है, अमानक पॉलिथीन का उपयोग एवं विक्रय करते हैं, खुले में यूरिन करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 1 अप्रैल शुक्रवार को 11 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अरिहंत कम्प्यूटर पर 2000, शर्मा टी स्टॉल पर 1000, योगेश पाटीदार पर 1000, गोविन्द पान कार्नर, राजेन्द्र रेस्टोरेंट, गुरु कृपा होटल, वाघेला फल-फ्रूट पर 300, रमेशचन्द्र व्यास पर 250-250, कमल व राजेश कुमार कुशवाह पर 100-100 रुपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी व अमानक पॉलीथीन का उपयोग ना करने की समझाईश दी। स्पॉट फाईन की कार्यवाही कुलदीप भट्ट, विजय मेहना, मनीष झांझोट, अंकित पुरोहित, राजकुमार भाटी आदि के द्वारा की गई।

9/4/21

## स्वच्छता फ्लॉप : कचरा स्थल की सफाई नहीं, सिविक सेंटर में गंदगी, दरोगा का 15 दिन का वेतन काटेंगे

रतलाम | तीन महीने की तैयारियों और लाखों खर्च करने के बावजूद नगर निगम का स्वच्छता अभियान फ्लॉप-शो हरे गया है। शुक्रवार को आबकारी कंपाउंड में दोपहर बाद तक गंदगी का ढेर लगा रहा। रहवासियों के अनुसार कुछ ही दिन कचरा नहीं डाला गया। इधर सिविक सेंटर में सफाई नहीं होने पर लगे कचरे के ढेर को लेकर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दरोगा प्रेमचंद फतरोड़ पर 15 दिन का वेतन काटने की कार्रवाई की है। जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड से अभी भी धुआं उठ रहा है। दोपहर करीब 2.30 बजे कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम भी ट्रेंचिंग ग्राउंड का हाल देखने पहुंचे। साथ में एसपी अभिषेक तिवारी भी थे।

## दरोगा प्रेमचंद का 15 दिन का वेतन काटा

**रतलाम।** वार्ड क्रमांक-33 के दरोगा प्रेमचंद फतरोड को सिविक सेंटर क्षेत्र में सफाई कराने के निर्देश दिए जाने के बाद भी सफाई नहीं कराने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार 15 दिवस का वेतन काटा गया। साथ ही कारण बताओ सूचना पत्र भी जारी किया गया।

## गंदगी करने पर छाजेड़ किराना 2 दिनों के लिए सील

रतलाम (आरएनएन)। नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर व सामान से अतिक्रमण करते है, अमानक पॉलीथीन का उपयोग एवं विक्रय करते हैं, खुले में यूरिन करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 31 मार्च गुरूवार को 9 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया व नीमचौक क्षेत्र में छाजेड़ किराना संचालक द्वारा गंदगी करने पर दुकान 2 दिन के लिये सील की।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जैन रेस्टोरेंट, जीतू मायबड़, कैलाश-गणपत, राजेश करमैय्या, पृथ्वीराजसिंह, राजेष टांक पर 500-500, अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट पर 300, वीरेन्द्र पर 250, गजेन्द सिंह पर 200, समरथ पर 100 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी व अमानक पॉलीथीन का उपयोग ना करने की समझाईश दी।

**कागज में दौड़ रहा शहर में स्वच्छता अभियान 2022**

# जहां से स्वच्छता का संचालन, वहीं है कबाड़ भरा हुआ

पत्रिका न्यूज पंच

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. शहर में स्वच्छता अभियान 2022 को लेकर बड़े - बड़े दावे किए जा रहे हैं। चित्रकला से लेकर गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन हो रहा हैं। नगर निगम अपनी पीठ स्वयं इन आयोजन पर व्यय करके थपथपा रहा हैं। हकीकत अलग हैं। जिस निगम के पास स्वच्छता अभियान 2022 की कमान है, स्वयं उसके कार्यालय के बाहर गंदगी से लेकर कबाड़ा हैं।

स्वच्छता अभियान 2022 को लेकर बड़े - बड़े दावे हो रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि शहर में दो से तीन दिन में स्वच्छता को देखने दल आएगा व नंबर देगा। इसके लिए करोड़ों रुपए का व्यय किया जा रहा हैं। सुबह से लेकर दोपहर व रात में भी विशेष सफाई अभियान चल रहा है। यह सब भी कुछ विशेष क्षेत्र में हो रहा है, लेकिन जहां से इसका संचालन हो रहा है, वही पर अधिकारी सफाई पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कबाड़े से भरे नगर निगम में इसके चलते मच्छर तक हो रहे हैं। इसका खामियाजा नगर निगम के करीब की नजरबाग व बैंक कॉलोनी के रहवासी उठा रहे हैं।

### रुपये का अपव्यय

शहर में स्वच्छता अभियान 2022 के नाम पर रुपये का अपव्यय किया जा रहा है। कभी गीत - संगीत तो कभी अन्य आयोजन के नाम पर व्यय किया जा रहा है। इसके बजाए तंग गलियों में जाकर देखा जाए तो बेहतर होगा। सबसे गंदा तो निगम का क्षेत्र ही है।

**- महेंद्र कटारिया**, शहर कांग्रेस अध्यक्ष

### मिलेगी सफलता

स्वच्छता अभियान 2022 में सफलता किसी एक व्यक्ति के काम से नहीं मिलेगी, बल्कि सामूहिक प्रयास करने होंगे। नगर निगम अपना काम कर रही है, अब बारी आमजन की भी है कि वे आगे आए व इसमे सहयोग करें। निगम में कबाड़े की बात है तो कमेटी बनाकर नीलाम किया जाएगा।

**- सोमनाथ झारिया**,आयुक्त ननि

नगर निगम में जिस स्थान पर कबाड़ा से लेकर गंदगी का साम्राज्य है, वहां पर अपने दूसरे कार्यकाल में आयुक्त झारिया ने निरीक्षण तक नहीं किया है। इससे इस क्षेत्र में मनमर्जी से लोग आकर अपना कचरा तक डालकर जा रहे हैं। इतना ही नहीं, यहां पर शराब की बोतल से लेकर अन्य गंदगी पड़ी हुई है, जिसको साफ तक नहीं करवाया जा रहा है। ऐसे में निगम के अभियान की पोल स्वयं निगम ही खोल रहा है।

पत्रिका

## संपत्तिकर 3.29 करोड़ व जलकर 78 लाख अधिक वसूल हुआ

रतलाम। नगर निगम संपतिकर व जलकर विभाग ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार मुस्तैदी से कार्य करते हुए पिछले वर्ष की तुलना में संपतिकर 3.29 करोड व जलकर 78 लाख अधिक वसूल किया।

संपतिकर विभाग द्वारा 1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 तक 13 करोड 16 लाख व जलकर विभाग द्वारा 7 करोड 70 लाख की वसूली की जो कि पिछले वर्श की तुलना में संपतिकर 3.29 करोड व जलकर 78 लाख अधिक है।

नगर निगम के विभिन्न करों के तहत 31 मार्च गुरूवार को संपतिकर कार्यालय से 660585, वसूली दल 1118282 कुल 1778867, जलकर कार्यालय से 114150, वसूली दल 169000 कुल 283150, स्पॉट फाईन 13550, दुकान गुमटी किराया वसूली दल 8572 वसूली दल 353907 कुल 362479, लीजरेंट 153327 इस तरह कुल राषि रूपये 25,91,373/- का राजस्व निगम को प्राप्त हुआ।

## बकाया व अवैध नल संयोजन विच्छेदन की मुहिम निरंतर जारी

रतलाम। नगर निगम द्वारा अवैध व बकाया राषि के नल संयोजन विच्छेदन की कार्यवाही के तहत निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर के विभिन्न क्षेत्रों से 14 अवैध नल संयोजनों को जलप्रदाय विभाग टीम द्वारा विच्छेद किया गया साथ ही 36 अवैध नल संयोजनों को वैध किया गया।

**- 14 अवैध नल संयोजन विच्छेद**

**- 36 अवैध नल संयोजनों को वैध किया गया**

नगर निगम द्वारा नल संयोजनो के बकायादारो से अपील की जाती है कि वे अपनी बकाया राशि जमा कराकर नल संयोजन विच्छेदन की कार्यवाही से बचें। अवैध नल संयोजनकर्ता अपने नल संयोजन को नियमानुसार वैध करावें।

**जिला स्तरीय स्टैण्डिंग कमेटी की बैठक 4 अप्रैल को**

रतलाम। नगरीय निकायों, पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सची के वार्षिक पुनरीक्षण 2022 की प्रक्रिया के संचालन तथा प्रारुप मतदाता सूची, जांच एवं डुप्लीकेट सूची के सम्बन्ध में दावे, आपत्ति प्राप्त करने की प्रक्रिया से अवगत कराए जाने हेतु जिला स्तरीय स्टैण्डिग कमेटी की बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में 4 अप्रैल 2022 को साय 5.00 बजे नवीन कलेक्टोरेट भवन के सभाकक्ष में आहूत की गई है।